Himachal Dastak
Dt.29.08.26

# बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर लगेगी लगाम सभी परीक्षा केंद्रों को भरना होगा गूगल फॉर्म

## स्कूल शिक्षा बोर्ड ने की लाइव सीसीटीवी निगरानी की तैयारी, 5 सितंबर तक मांगा ब्योरा

हिमाचल दस्तक ▌धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश में अब बोर्ड परीक्षाओं के दौरान नकल करने वाले और लापरवाही बरतने वाले परीक्षा केंद्र बच नहीं पाएंगे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आगामी परीक्षाओं को पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए कमर कस ली है।



बोर्ड ने सभी परीक्षा केंद्रों की ऑडियो-वीडियो आधारित सीधी निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सख्त निर्देश जारी करते हुए प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों को 5 सितंबर तक सीसीटीवी कैमरों और संबंधित व्यवस्थाओं की पूरी रिपोर्ट ऑनलाइन गूगल प्रपत्र के जरिये सौंपने का अंतिम आदेश दिया है। परीक्षा की पवित्रता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे की स्थिति और दिशा सटीक होनी चाहिए।



डॉ. राजेश शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि कैमरे इस तरह से लगाए जाएं कि पूरा परीक्षा कक्ष और परीक्षार्थियों की हर एक गतिविधि स्पष्ट रूप से बिना किसी रुकावट के निगरानी स्क्रीन पर दिखाई दे। इसके अलावा, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था भी बोर्ड के निर्धारित मानकों के अनुसार होनी चाहिए, जिसमें उनके बीच पर्याप्त दूरी और कक्ष में सख्त अनुशासन बनाए रखना अनिवार्य होगा।

बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय सहित सभी परीक्षा केंद्रों और वहां तैनात पर्यवेक्षकों व निरीक्षकों को भी सख्त हिदायत दी है। परीक्षा में तैनात कर्मचारियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का पालन करना होगा। डॉ. शर्मा ने चेतावनी दी है कि सीसीटीवी प्रणाली, बैठक व्यवस्था या निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया

**▌बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जारी किए निर्देश**

जाएगा। निर्देशों की अनदेखी करने वाले परीक्षा केंद्रों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस नई डिजिटल व्यवस्था में परीक्षा केंद्रों की सुविधा का भी ध्यान रखा गया है। यदि किसी परीक्षा केंद्र को ऑनलाइन प्रपत्र भरने या सीसीटीवी व्यवस्था का विवरण देने में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए बोर्ड ने दूरभाष नंबर 01892-242175 जारी किया है, जिस पर संपर्क कर आवश्यक मदद ली जा सकती है। बोर्ड का मानना है कि यह सीधी निगरानी व्यवस्था परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही और निष्पक्षता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।


Anant Gyan Dated:29-08-2026

# बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर लगेगी लगाम

## शिक्षा बोर्ड ने की लाइव सीसीटीवी मॉनिटरिंग की तैयारी, 5 तक मांगा ब्यौरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में अब बोर्ड परीक्षाओं के दौरान नकलची और लापरवाही बरतने वाले परीक्षा केंद्र बच नहीं पाएंगे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आगामी परीक्षाओं को पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए कमर कस ली है। बोर्ड ने सभी परीक्षा केंद्रों की 'ऑडियो-वीडियो आधारित लाइव मॉनिटरिंग' व्यवस्था को प्रभावी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सख्त निर्देश जारी करते हुए प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों को 5 सितंबर, 2026 तक सीसीटीवी कैमरों और संबंधित व्यवस्थाओं की पूरी रिपोर्ट ऑनलाइन गूगल फॉर्म के जरिए सौंपने का अल्टीमेटम दिया है।



परीक्षा की पवित्रता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे की स्थिति और एंगल सटीक होना चाहिए।

### ◆ सभी परीक्षा केंद्रों को भरना होगा गूगल फॉर्म

डॉ. राजेश शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि कैमरे इस तरह से लगाए जाएं कि पूरा परीक्षा हॉल और परीक्षार्थियों की हर एक गतिविधि स्पष्ट रूप से बिना किसी रुकावट के मॉनिटरिंग स्क्रीन पर दिखाई दे। इसके अलावा, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था भी बोर्ड के निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, जिसमें उनके बीच पर्याप्त दूरी और कक्ष में सख्त अनुशासन बनाए रखना अनिवार्य होगा।

## कोताही बरतने वाले केंद्रों पर गिरेगी गाज

**बोर्ड** ने स्टेट ओपन स्कूल (एसओएस ) सहित सभी परीक्षा केंद्रों और वहां तैनात पर्यवेक्षकों व निरीक्षकों को भी सख्त हिदायत दी है। परीक्षा ड्यूटी में तैनात स्टाफ को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। डॉ. शर्मा ने चेतावनी दी है कि सीसीटीवी प्रणाली, बैठक व्यवस्था या निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। निर्देशों की अनदेखी करने वाले परीक्षा केंद्रों के खिलाफ नियमानुसार सख्त प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## तकनीकी दिक्कत आने पर यहां करें संपर्क

**डिजिटलाइजेशन** की इस नई व्यवस्था में परीक्षा केंद्रों की सहूलियत का भी ध्यान रखा गया है। यदि किसी परीक्षा केंद्र को ऑनलाइन गूगल फॉर्म भरने या सीसीटीवी व्यवस्था का विवरण देने में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए बोर्ड ने दूरभाष नंबर 01892-242175 जारी किया है, जिस पर संपर्क कर आवश्यक तकनीकी मदद ली जा सकती है। बोर्ड का मानना है कि यह लाइव मॉनिटरिंग व्यवस्था परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही और निष्पक्षता को मजबूत करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

Divya Himachal Dt.29.08.26

# लापरवाही बरतने वाले परीक्षा केंद्रों पर सख्ती

## लाइव सीसीटीवी मानिटरिंग की तैयारी, शिक्षा बोर्ड ने पांच सितंबर तक मांगा ब्यौरा

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश में अब बोर्ड परीक्षाओं के दौरान नकलची और लापरवाही बरतने वाले परीक्षा केंद्र नहीं बच पाएंगे। स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आगामी परीक्षाओं को पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए कमर कस ली है। बोर्ड ने सभी परीक्षा केंद्रों की ऑडियो-वीडियो आधारित लाइव मॉनिटरिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों को पांच सितंबर तक सीसीटीवी कैमरों और संबंधित व्यवस्थाओं की पूरी रिपोर्ट ऑनलाइन गूगल फार्म के जरिए सौंपने का अल्टीमेटम दिया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे की स्थिति और एंगल सटीक होना चाहिए। डा. राजेश शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि कैमरे इस तरह से लगाए जाएं कि पूरा परीक्षा हाल और परीक्षार्थियों की हर एक गतिविधि स्पष्ट रूप से बिना किसी रुकावट के मॉनिटरिंग स्क्रीन पर दिखाई दे। इसके अलावा, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था भी बोर्ड के निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, जिसमें उनके बीच पर्याप्त दूरी और कक्ष में सख्त अनुशासन बनाए रखना अनिवार्य होगा। बोर्ड ने स्टेट ओपन स्कूल (एसओएस) सहित सभी परीक्षा केंद्रों और वहां तैनात पर्यवेक्षकों व निरीक्षकों को भी सख्त हिदायत दी है। परीक्षा ड्यूटी में तैनात स्टाफ को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। डा. शर्मा ने चेतावनी दी है कि सीसीटीवी प्रणाली, बैठक व्यवस्था या निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

### तकनीकी दिक्कत आने पर यहां करें संपर्क

डिजिटलाइजेशन की इस नई व्यवस्था में परीक्षा केंद्रों की सहूलियत का भी ध्यान रखा गया है। यदि किसी परीक्षा केंद्र को ऑनलाइन गूगल फार्म भरने या सीसीटीवी व्यवस्था का विवरण देने में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए बोर्ड ने दूरभाष नंबर 01892-242175 जारी किया है, जिस पर संपर्क कर आवश्यक तकनीकी मदद ली जा सकती है। बोर्ड का मानना है कि यह लाइव मॉनिटरिंग व्यवस्था परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही और निष्पक्षता को मजबूत करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

- बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर लगाम; सिटिंग प्लान, कैमरों की सही व्यवस्था के निर्देश

Amar Uiala Dt.29-08-2026

# ऑडियो-वीडियो सीसीटीवी की निगरानी में होंगी बोर्ड परीक्षाएं

**धर्मशाला।** बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों को बोलकर उत्तर बताने या किसी भी तरह नकल कराने की कोशिश अब परीक्षा केंद्रों पर भारी पड़ सकती है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सितंबर में होने वाली परीक्षाओं के दौरान ऑडियो-वीडियो आधारित लाइव सीसीटीवी मॉनिटरिंग का ट्रायल करेगा।

परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ऑडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि परीक्षा कक्ष में होने वाली हर गतिविधि पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। इसके लिए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सभी परीक्षा केंद्र संचालकों से 5 सितंबर तक सीसीटीवी कैमरों और अन्य व्यवस्थाओं का पूरा ब्यौरा ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से मांगा है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा कक्ष में लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों का एंगल ऐसा होना चाहिए, जिससे पूरा परीक्षा हॉल और परीक्षार्थियों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे। कैमरे की नजर से कोई हिस्सा छूटना नहीं चाहिए।

परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था बोर्ड के निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने और उनके बीच पर्याप्त दूरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्टेट ओपन स्कूल (एसओएस) समेत सभी परीक्षा केंद्रों के पर्यवेक्षकों और निरीक्षकों को परीक्षा ड्यूटी में पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। ब्यूरो

Aapka Faisla Dt.29-08-2026

# बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर लगेगी लगाम, HPBoSE ने की लाइव CCTV मॉनिटरिंग की तैयारी, 5 सितंबर तक मांगा ब्यौरा

## सभी परीक्षा केंद्रों को भरना होगा गूगल फॉर्म

## बैठक व्यवस्था और कैमरे के एंगल को लेकर भी बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जारी किए सख्त निर्देश

धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश में अब बोर्ड परीक्षाओं के दौरान नकलची और लापरवाही बरतने वाले परीक्षा केंद्र बच नहीं पाएंगे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBoSE) ने आगामी परीक्षाओं को पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए कमर कस ली है। बोर्ड ने सभी परीक्षा केंद्रों की ऑडियो-वीडियो आधारित लाइव मॉनिटरिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सख्त निर्देश जारी करते हुए प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों को 5 सितंबर, 2026 तक CCTV कैमरों और संबंधित व्यवस्थाओं की पूरी रिपोर्ट ऑनलाइन गूगल फॉर्म के जरिए सौंपने का अल्टीमेटम दिया है।



कैमरे की जद में होगा पूरा हॉल, हर गतिविधि पर रहेगी तीसरी आंख परीक्षा की पवित्रता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा कक्ष में CCTV कैमरे की स्थिति और एंगल सटीक होना चाहिए। डॉ. राजेश शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि कैमरे इस तरह से लगाए जाएं कि पूरा परीक्षा हॉल और परीक्षार्थियों की हर एक गतिविधि स्पष्ट रूप से बिना किसी रुकावट के मॉनिटरिंग स्क्रीन पर दिखाई दे। इसके अलावा, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था भी बोर्ड के निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, जिसमें उनके बीच पर्याप्त दूरी और कक्ष में सख्त अनुशासन बनाए रखना अनिवार्य होगा। कोताही बरतने वाले केंद्रों पर गिरेगी गाज, बोर्ड ने स्टेट ओपन स्कूल (SOS) सहित सभी परीक्षा केंद्रों और वहां तैनात पर्यवेक्षकों व निरीक्षकों को भी सख्त हिदायत दी है। परीक्षा ड्यूटी में तैनात स्टाफ को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। डॉ. शर्मा ने चेतावनी दी है कि सीसीटीवी प्रणाली, बैठक व्यवस्था या निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। निर्देशों की अनदेखी करने वाले परीक्षा केंद्रों के खिलाफ नियमानुसार सख्त प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। तकनीकी दिक्कत आने पर यहां करें संपर्क, डिजिटलाइजेशन की इस नई व्यवस्था में परीक्षा केंद्रों की सहूलियत का भी ध्यान रखा गया है। यदि किसी परीक्षा केंद्र को ऑनलाइन गूगल फॉर्म भरने या सीसीटीवी व्यवस्था का विवरण देने में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए बोर्ड ने दूरभाष नंबर 01892-242175 जारी किया है, जिस पर संपर्क कर आवश्यक तकनीकी मदद ली जा सकती है। बोर्ड का मानना है कि यह लाइव मॉनिटरिंग व्यवस्था परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही और निष्पक्षता को मजबूत करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

# *HPBOSE Prepares for Live CCTV Monitoring; Details Sought by September 5*



SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA AUG 28 : In Himachal Pradesh, exam centers where cheating or negligence occurs will no longer be able to evade detection during board examinations. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has geared up to ensure that the upcoming examinations are completely fair, transparent, and secure. The Board has initiated the process of implementing an effective 'audio-video-based live monitoring' system across all exam centers. Issuing strict directives, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma has set a deadline of September 5, 2026, for all exam centers to submit a comprehensive report regarding CCTV cameras and related arrangements via an online Google Form. To uphold the integrity and credibility of the examinations, the Board has clarified that the positioning and angle of the CCTV cameras within the exam room must be precise. Dr. Sharma has instructed that cameras be installed in such a way that the entire exam hall and every movement of the examinees are clearly visible on the monitoring screen without any obstruction. Furthermore, seating arrangements must comply with the Board's prescribed standards, mandating adequate spacing between candidates and strict discipline within the room. The Board has also issued strict instructions to all exam centers—including those for the State Open School (SOS) as well as to the deployed supervisors and inspectors. Staff assigned to exam duty must discharge their responsibilities with utmost vigilance and accountability. Dr. Sharma warned that any negligence regarding the CCTV system, seating arrangements, or monitoring would be viewed seriously, and strict administrative action, in accordance with the rules, would be taken against non-compliant exam centers. This new digital system also takes into account the convenience of the exam centers; should any center face technical difficulties while filling out the online Google Form or providing details about the CCTV setup, they can immediately seek assistance.

The Sunny Times

# HPBOSE ENFORCES REAL-TIME CCTV SURVEILLANCE FOR STATE BOARD EXAMS

*Sunny Mahajan | Dharamshala*

In a decisive push toward total transparency, the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBoSE) is rolling out statewide, real-time audio-video monitoring across all board examination venues.

HPBoSE Chairman Dr. Rajesh Sharma issued an ultimatum directing all exam centers, including State Open Schools, to complete a mandatory compliance audit via Google Forms by September 5, 2026. The directive requires full-room optical coverage to eradicate monitoring blind spots, coupled with strictly enforced desk spacing and enhanced invigilator accountability. Warning that negligence will draw severe disciplinary action, the Board also established a dedicated technical support desk (01892-242175) to resolve operational bottlenecks before testing begins.

